तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज प्रेमाराम सुथार बनाम लो.सू.अ. (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 65 / 2019	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.05.19	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी प्रेमाराम सुथार पता 121, मेन रोड़, आगंणवा पोस्ट सुरपूरा तह. व जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 28.01.19 में उसके द्वारा (1) दिनांक 10.01.19 को परिवादी प्रेमाराम सुथार पुत्र डालूराम द्वारा शिकायत का निस्तारण दिनांक 13.01.19 को पटवार मण्डल सुरपुरा के पटवारी द्वारा संलग्न मौका रिपोर्ट पेश कर की गई शिकायत पर की गई समस्त कार्यवाही की दस्तावेजी प्रमाणित उपलब्ध, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.((अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 629 दिनांक 21.05.19 के तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें अवगत कराया कि गोपनीय शाखा जिला कलक्टर हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 568 दिनांक 13. 05.19 के जरिये 06 पृष्ठीय सूचना निशुल्क प्रेषित की जा चुकी है। चूकि प्रार्थी को अपील दायर होने के पश्चात् 25 पृष्ठीय सूचना प्रेषित की जा चुकी है चूंकि अपीलार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	